दिनांक 26 जुलाई 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जनदर्शन में रूप राम साहू ने लाइट संधारण के लिए दिया आवेदन , त्वरित हुआ निराकरण, पिछले सप्ताह प्राप्त हुए आवेदनों का भी हुआ निदान

भिलाई नगर/ जनदर्शन में आज रूप राम साहू वार्ड क्रमांक12 कांट्रैक्टर कॉलोनी निवासी ने अपने घर के समीप के सड़क के लाइट का संधारण करने के लिए नेहरू नगर जोन कार्यालय जोन क्रमांक एक में आवेदन प्रस्तुत किया! आवेदन प्रस्तुत करने के कुछ ही समय बाद आवेदन कर्ता के आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए लाइट का संधारण कर आवेदक को सूचित कर दिया गया! पिछले सप्ताह को आयोजित हुए जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों का भी निराकरण किया जा रहा है, इसमें से 29 आवेदन का निराकरण किया जा चुका है! उल्लेखनीय है कि नगर निगम भिलाई के प्रशासक एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार व शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए हैं! जिसके परिपालन में जोन के अधिकारियों द्वारा आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है! ऐसे आवेदन/शिकायत जिसे शीघ्र निराकरण किया जा सकता है उनका त्वरित निदान किया जा रहा है! आज के जनदर्शन में कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए सबसे अधिक 7 आवेदन वैशाली नगर जोन कार्यालय में प्राप्त हुए! जनदर्शन में प्राप्त हुए ज्यादातर आवेदन नाली सफाई, लाइट का संधारण करने, पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने, तालाब किनारे से कटीली झाड़ियों की सफाई , महिला सामुदायिक भवन में शौचालय का निर्माण , नल कनेक्शन विच्छेद करने , नाली की सफाई कर पानी निकासी , अवैध निर्माण हटाने , गली का सीमेंटीकरण इत्यादि से संबंधित है! गौरतलब है कि प्रत्येक सोमवार को सभी जोन कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे से 1:30 बजे तक जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है जहां जोन आयुक्त अपने अधीनस्थों के साथ आवेदनकर्ताओं के समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं!

जनसंपर्क अधिकारी